## परिवार और बच्चे



## परिवारों को सुदृण बनाना

परिवार समाज की नींव है। बच्चे हमारा भविष्य हैं। हमें उनके लिये इस तरह का सहायक वातावरण बनाना चाहिये जो कि परिवारों की व्यक्तिगत इच्छाओं का निर्माण और उसमे वृद्दि जितना अधिक से अधिक हो सके कर सके।

कौन से प्रभावी उपाय लोगों के परिवार को पूर्ण और उसमे वृद्दि करने में मदद कर सकते हैं? कैसे इस तरह के उपायों की लागत करदाताओं, नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच विभाजित की जानी चाहिए?

कैसे युवा जोड़ों को किफायती आवास, शिक्षा और बाल-संरक्षण जैसी प्रमुख बाधाओं पर काबू पाने में मदद कर सकते हैं?




## प्रजनन प्रौद्योगिकी में सहायता प्रदान करना?



## सक्रिय व्रद्वावस्ता

बुजुर्ग लोग हमारी मूल्यवान संपत्ति हैं. हमें उनकी उम्र के अनुकूल
वातावरण बनाना चाहिये जिजसे कि सक्रीय व्रद्वावस्ता के लोगों की मदद हो सके और उनका योगदान हमारे समाज को प्राप्त होता रहे।

## वृद्द लोगों का बाजार

भविष्य में आगे चलकर वृद्द लोग उच्च क्रय शक्ति के साथ मुख्य उपभोक्ता हो जाऐगें। । एक वृद्द समाज व्यापार के उच्च अवसरों को प्रदान करता है।

## अवकाश ग्रहण करने के बाद चीन में रहना

हमारे मातृभूमि (चीन) के साथ गहरे सम्बन्ध जिसमे मुख्यता गुआन्गदोंग प्रदेश है, जो हमारे वृद्वों को सेवानिवृत्ति के बाद वहां रहने के अवसर प्रदान करता है जहां वो अच्छे से अपना जीवन निर्वाह कर सकते है ।

वृद्द लोगों को सक्रिय रखने के लिये वो कौन से मुख्य क्षेत्र है जिनमे सुधार करके वृद्द-मित्र वातावरण का निर्माण किया जा सकता है?

हम बुजुर्ग लोगों को स्वयसेवी सेवा लेने के लिये कैसे प्रोत्साहित कर सकते हैं और इस सेवा को और कैसे सुविधाजनक बना सकते हैं?

वृद्द लोगों के लिए वो कौन से उत्पाद और सेवायें हैं जो उन्हें नही प्राप्त हो रही है? वृद्द बाज़ार को हम और कैसे सुविधाजनक बना सकते है?

वो कौन से सहायक कदम उठाने कि आवश्यकता है जो वृद्द लोगों को उनकी मातृभूमि (चीन) में बसाने में सहायक हो?

# 集思港益

## हांगकांग के लिए विचार

**人口政策公眾參與活動**

**जनसंख्या नीति पर सार्वजनिक भागीदारी**

प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए और अधिक प्रतिभाओं को कैसे भर्ती कर सकते हैं?

युवा जोड़ों को परिवार शुरू करने के लिए कैसे प्रोत्साहित कर सकते हैं?

बुजुर्ग लोगों को सक्रिय रखने और जीवन का आनंद उठाने में हम उन्हें कैसे मदद कर सकते हैं?

हम कैसे स्थानीय मानव संसाधनों का सुउपयोग कर सकते हैं तथा किस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति को उनकी अपनी क्षमता का एहसास कराने में मदद कर सकते हैं?



राचविनिपअ पआ ायपृकहमें २३ जेभ कत२०१४ ारिवरफ सकते हैं


ई-मेल: views@hkpopulation.gov.hk
दूरभाषा: 3142 2041
वेबसाइट: www.hkpopulation.gov.hk
फेसबुक: www.facebook.com/groups/Thoughts4HK
पता: Secretariat of the Steering Committee on Population Policy, 26/F, Central Government Offices, 2 Tim Mei Avenue, Tamar, Hong Kong


सचिवालय, जनसंख्या नीति पर संचालन समिति
मुख्य सचिव, प्रशासकिय कार्यालय

## जनसांख्यिकीय चुनौतियां

### हांगकांग में वृद्ध लोगों की तेजी से बढ़ती जनसंख्या

2041 तक, लगभग हममें हर 3 में 1, 65 या इससे अधिक आयु वर्ग का जायेगा । हमारी श्रम शक्ति 2018 से गिरनी शुरू हो जायेगी। हमारी घटती श्रम शक्ति के कारण हमारी आर्थिक विकास की दर की गति धीमी हो जायेगी और जिसका प्रभाव हमारे रोजगार के अवसरों पर और जीवन स्तर पर प्रतिकूलित होगा। जोकि हमारे कर के आधार को कम करेगी जबकी बढ़ती हुई वृद्ध आबादी की जरूरत को पूरा करने लिये हमारा सार्वजनिक व्यय बढ़ता जायेगा।

| | 1981 | 2012 | 2041 |
|---|---|---|---|
| घटता प्रजनन दर<br>प्रति महिला जीवित बच्चों की संख्या | 1.9 | 1.3 | 1.2 |
| लंबे जीवन की अपेक्षा<br>जन्म के समय जीवन प्रत्याशा (पुरुष/महिला) | 72.3<br>78.5 | 80.7<br>86.4 | 84.4<br>90.8 |
| तेजी से वृद्ध आबादी का बढ़ना<br>बुजुर्ग लोगों का अनुपात | 7% | 14% | 32% |
| बढ़ रही निर्भरता अनुपात<br>युवा और वृद्ध आश्रितों की संख्या प्रति 100 कार्यरत व्यक्तियों पर | 45.8 | 35.5 | 71.2 |
| श्रम शक्ति का कम होना<br>रोजगार में लगे लोगों का या रोजगार की तलाश में लगे लोगों का अनुपात | 66.7% | 58.8% | 49.5% |

### विविधता से भरी हमारी जनसंख्या

मातृभूमि (चीन) से आये हुये नये लोग, विकलांग और जातीय अल्पसंख्यक ही हमारा परिवार और पड़ोसी हैं जो इस समाज का निर्माण करते हैं| हमे एक सामाजिक रूप से समावेशी वातावरण विकसित करना चाहिए जिसमे सभी पृष्ठभूमि और रंगों के लोगों को अपनी क्षमता का पूरी तरह से एहसास हो सके।

### चुनौतियों से निपटने के लिए, हमें निम्नलिखित प्रकार से एक स्थायी जनसंख्या नीति बनानी चाहिए

"हमे एक इस तरह की जनसंख्या विकसित और पोषित करनी पड़ेगी जो लगातार हांगकांग की सामाजिक - आर्थिक गति का समर्थन करे और उसे बनाये रखे और जो एक समावेशी और एकजुट समाज का निर्माण करे जिसमे सभी वर्ग के लोग अपनी व्यक्तिगत क्षमता का एहसास कर सके जिससे कि वो अपने जीवन की जीवनशैली को उच्चस्तरीय बनाये”

## स्थानीय जनशक्ति



### मात्रा

हमे अपने कर्मचारियों की संख्या के आकार में वृद्धि करने की आवश्यकता है –

- घर में काम करने वाली महिलाओं और जल्दी सेवानिवृत्त लोगों की क्षमता और उसका उपयोग: और
- सामाजिक समावेश को बढ़ावा देना और सभी पृष्ठभूमि के लोगों के श्रम बाजार में शामिल होने के लिए उसे सुविधाजनक बनाना और उसकी बाधाओं को दूर करना

### गुणवत्ता

हमे अपनी मानव शक्ति की गुणवत्ता को बढ़ाना चाहिये और बेमेल कौशल को कम करना चाहिए. हमे आवस्यकता है –

- नौकरियों में विविधता बढ़ाने के लिए हमें अपने आर्थिक आधार में विविधता लानी होगी;
- यह सुनिश्चित करने के लिए कि युवाओं के पास सही कौशल है हमे शिक्षा और प्रशिक्षण को बढ़ाना होगा;
- पारंपरिक शैक्षणिक गतिविधियों के विकल्प के रूप में व्यावसायिक शिक्षा के मूल्य को पुनर्जीवित करना होगा , और
- प्रौढ़ शिक्षा बढ़ावा देना

हमारे श्रम बल में गृहिणी और जल्दी सेवानिवृत्त लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए क्या प्रभावी उपाय हैं?

नये आये हुये लोगों, विकलांगों और जातीय अल्पसंख्यकों की क्षमता को शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार के माध्यम से कैसे उपयोग में लाया जा सकता है?

नियोक्ताओं की जरूरतों को देखते हुये हम कैसे अपनी उपरान्त- माध्यमिक शिक्षा को उनके अनुकूल बना सकते है?

हम कैसे व्यावसायिक शिक्षा में रुचि उत्पन्न करे और प्रौढ़ शिक्षा को बढ़ावा दे?

## जनशक्ति के नये स्त्रोत



### प्रतिभा के लिए विश्वीय प्रतियोगिता

दुनिया भर के शहर अपनी अर्थव्यवस्था को सुद्दण करने के लिए प्रतिभाओं को आकर्षित करने के प्रयास कर रहे हैं। हांगकांग भी प्रतिभाओं की खोज में किसी से पीछे नहीं रह सकता है। प्रतिस्पर्धा में रहने के लिए, हांगकांग को बाहर से प्रतिभाओं को लाना चहिये ताकि हम मानव पूंजी निर्माण कर सके ।

### बाहर गये हांगकांग के लोगों को वापस हांगकांग लाना

हमें हांगकांग प्रवासियों और उनके बच्चों वापस हांगकांग में लौटने के लिए उनको आकर्षित करने में अधिक सक्रिय प्रयास करने चाहिए ।

हमें हांगकांग को दुनिया भर की प्रतिभाओं के लिए एक आकर्षक स्थान बनाना चाहिये ।

### बाहर से मदद लेना

कुछ उद्योगों को मानव शक्ति की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

हमें अपनी श्रम आयात प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिये उस पर विचार करना पड़ेगा ताकि वो हमारी अर्थव्यवस्था और बदलती आबादी की जरूरतों को पूरा कर सके।

क्या हमें और अधिक सक्रिय रणनीति "हमें आप की तलाश है" और “प्रतिभा प्रवेश” पर लक्षित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए?

हम हांगकांग के प्रवासी और उनके बच्चों को हांगकांग वापस लाने के लिये उन्हें कैसे प्रोत्साहित कर कर सकते है?

स्थानीय श्रमिकों के हितों को खतरे में डाले बिना हम हमारी श्रम आयात प्रणाली को और कैसे अधिक प्रभावी बना सकते हैं?